Literacy for a Billion

Movie: Hum Aapke Hain Koun
Year: 1994

Song: Wah Wah Ramji
Lyricist: Ravinder Rawal

वाह वाह रामजी
जोडी क्या बनाई
भैया और भाभी को
बधाई हो बधाई
सब रस्मों से बड़ी है जग में
दिल से दिल की सगाई
आपके कृपा से ये
शुभ घड़ी आयी
जीजी और जीजा को
बधाई हो बधाई
सब रस्मों से बड़ी है जग में
दिल से दिल की सगाई
वाह वाह रामजी
वाह वाह रामजी
वाह वाह रामजी
मेरे भैया जो
चूप बैठे हैं
देखो भाभी ये
कैसे ऐठे हैं
ऐसे बड़े ही भले हैं
ऐसे बड़े ही भले हैं
माना थोड़े मनचले हैं
पर आपके सिवा
कहीं भी ना फिसले हैं

देखो देखो खुद पे
जीजी इतराई
भैया और भाभी को
बधाई हो बधाई
सब रस्मों से बड़ी है जग में
दिल से दिल की सगाई
वाह वाह रामजी
अरे वाह वाह रामजी
वाह वाह रामजी
सुनो जीजाजी
अजी आपके लिए
मेरे जीजी ने
बड़े तप है किए
मंदिरों में किए फेरे
मंदिरों में किए फेरे
पूजा सांज सवेरे
तीन लोक तैतिस
देवों को यह रही घेरे
जैसी मैंने माँगी थी
वैसी भाभी पायी
जीजी और जीजा को
बधाई हो बधाई
सब रस्मों से बड़ी है जग में
दिल से दिल की सगाई
वाह वाह रामजी
अरे वाह वाह रामजी
वाह वाह रामजी

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.